# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023




मुख्यअतिथि - मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
डॉ. तिलक राम साहू
अध्यक्ष
जिला साहू संघ बिलासपुर
ललित साहू
उपाध्यक्ष
जिला साहू संघ बिलासपुर
श्रीमती गौरी साहू
उपाध्यक्ष
जिला साहू संघ बिलासपुर
श्रीमती नंदिनी पवन साहू
जिला संयोजिका
महिला प्रकोष्ठ
डॉ. उषा साहू
जिला संरक्षक
महिला प्रकोष्ठ
श्रीमती गंगा साहू
नगर संयोजिका
महिला प्रकोष्ठ
पप्पू साहू
महामंत्री
जिला साहू संघ बिलासपुर
साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पधारे हुए अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन...
30 दिसम्बर, शनिवार, स्थान : सिम्स आर्डिटोरियम,सिम्स हॉस्पिटल बिलासपुर, समय : सुबह 11 बजे से
पवन साहू
अध्यक्ष
नगर साहू संघ, बिलासपुर
प्रेम साहू
उपाध्यक्ष, नगर
श्रीमती श्याम साहू
उपाध्यक्ष, नगर
भागवत साहू
महामंत्री,
नगर साहू संघ, बिलासपुर
विनीत - जिला एवं नगर साहू संघ, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
संकलन-रामगोपाल साहू, हरिभूमि प्रतिनिधि लगरा मो.9617938788

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## महामाया मंदिर में पहुंचेगी लाखों की भीड़, खीर-पूड़ी के साथ विशेष भंडारा



नए साल के पहले दिन धर्म नगरी रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर में हजारों की भीड़ पहुंचने की उम्मीद इस बार है। मंदिर के ट्रस्ट अध्यक्ष आशीष सिंह के मुताबिक एक लाख के करीब भक्त पहुंच सकते हैं। इसलिए खास व्यवस्था की जा रही है। पिछले साल भी 80 हजार के करीब लोगों दर्शन करने पहुंचे थे। ट्रस्ट के अनुसार खीर पुरी के साथ ही विशेष भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर के साथ ही आसपास सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे दिन पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। मंदिर के इर्द-गिर्द की नजर मंदिर प्रबंधन द्वारा खूफिया कैमरे से की जाती रही, ताकि किसी प्रकार से कोई अप्रिय घटना न हो सके। मंदिर ट्रस्टी ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचेगे और वे सभी बिना किसी व्यवधान के मां महामाया देवी का दर्शन कर सकेंगे। ट्रस्टी आशीष सिंह के मुताबिक नए साल की तैयारियों शेष पेज 2 पर

- नए साल के लिए मंदिरों में खास इंतजाम
- पहुचेंगे लाखों श्रद्धालु, रखी जाएगी विशेष व्यवस्था

## दंतेश्वरी में बढ़ेंगे पुजारी और सेवादार, माता बम्लेश्वरी को फूलों से सजाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ राजनांदगांव/ बिलासपुर

अलग खबर

आम तौर पर मंदिरों में हिंदू पंचाग के अनुसार नववर्ष की अराधना होती है, पर विश्वपटल पर मान्य अंग्रेजी समयानुसार उमड़ने वाली आस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिरों में खास इंतजाम किए जा रहे हैं। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर में जहां 6 पुजारी व 12 सेवादार रखे जाएंगे, वहीं डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। इधर, रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर में हजारों की भीड़ पहुंचने की उम्मीद इस बार भी है। ट्रस्ट के अनुसार खीर पुरी के साथ ही विशेष भंडारे की भी व्यवस्था की जा रही है। रायपुर के कई मंदिरों में नए साल पर खासी भीड़ रहती है। दंतेवाड़ा दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी विजेन्द्र नाथ जिया ने बताया कि भक्तों के लिए मां दंतेश्वरी मंदिर में शेष पेज 2 पर

### सुरक्षा व्यवस्था बढ़ेगी, फूलों से सजेगा मां बम्लाई का द्वार

नए साल में आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर में स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी तैयारियां शुरू हो गई है। दो दिन रहने वाली भक्तों की भीड़ में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ ही कार्यकर्ताओं को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही नववर्ष के अवसर पर मां बम्लेश्वरी के दरबार को भी फूलों से सजाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि नए साल को देखते हुए तैयारियां शुरू कर ली गई है। बड़ी संख्या में भक्त नववर्ष पर पहुंचते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इंतजाम किए जा रहे हैं।

### मनोकामना ज्योति कलश भी होंगे प्रज्ज्वलित

मंदिर ट्रस्टी के अनुसार नए साल के पहले दिन कुछ मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्ज्वलित होंगे। इसके साथ ही मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए तीन तरफ से प्रवेश की व्यवस्था बनाई जा रही है। रतनपुर के महामाया चौक को बंद कर दिया जाएगा और बेलगहना रोड की तरफ से चारपहिया और दो पहिया वाहन प्रवेश कर सकेंगे। शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### दुनिया की जनसंख्या सात करोड़ 50 लाख बढ़ी



**वाशिंगटन।** विश्व की जनसंख्या पिछले साल सात करोड़ 50 लाख बढ़ी और नववर्ष के दिन कुल वैश्विक आबादी के आठ अरब से अधिक हो जाने का अनुमान है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दुनिया भर में जनसंख्या की वृद्धि दर एक प्रतिशत से कम रही।

### भारतीय टीम पर लगा जुर्माना दो अंक भी कटे, शीर्ष से उतरा



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में सबसे शर्मनाक हार के साथ भारतीय टीम को मैच फीस का दस प्रतिशत और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दो महत्वपूर्ण अंक भी गंवाने पड़े। भारत निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर पीछे रहा। भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष से खिसककर दूसरे स्थान पर आ गया। अब आस्ट्रेलिया शीर्ष पर है।

### बम की अफवाह, कई हवाई अड्डों की हुई जांच



**मंगलुरु।** मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा प्राधिकारियों ने एक विमान में विस्फोटक होने का दावा करने वाला ई-मेल मिलने के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की। पुलिस ने बताया कि आतंकवादी समूह होने का दावा करने वाले 'फनिंग' नाम के एक प्रेषक ने मंगलुरु समेत देश के कई हवाई अड्डों को मंगलवार रात को इसी प्रकार के ई- मेल भेजे थे।

### आंध्र प्रदेश में परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या की



**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, वहीं एक सदस्य अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने बताया कि घटना विशाखापट्टनम के अनाकापल्ले जिले की है। मृतकों की पहचान शिव रामकृष्ण (40), उनकी पत्नी माधवी (38) और दो बेटियों के रूप में हुई है।

### उग्रवादी संगठन ने ली माटे की हत्या की जिम्मेदारी



**इटानगर।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग के युंग आंग गुट ने अरुणाचल प्रदेश में पूर्व विधायक युमसेन माटे की इस माह के शुरू में हुई हत्या की जिम्मेदारी ली। कांग्रेस के पूर्व विधायक माटे की 16 दिसंबर को भारत-म्यांमा सीमा के नजदीक राहो गांव में हत्या कर दी थी।

### इंतजार हुआ खत्म, मंत्रियों के विभागों का बंटवारा, सीएम के पास आबकारी और परिवहन भी

# सीएम साय खनिज और ऊर्जा, डिप्टी सीएम विजय संभालेंगे गृह, साव पीडब्ल्यूडी, बृजमोहन को शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और मंत्रियों को विभागों का बंटवारा हो गया। मुख्यमंत्री ने अपने पास सामान्य प्रशासन, खनिज, ऊर्जा और जनसंपर्क विभाग रखा है। इसी के साथ पहली बार मुख्यमंत्री के पास आबकारी और परिवहन विभाग भी हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव को पीडब्ल्यूडी और दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा को गृह विभाग का जिम्मा दिया गया है। लंबे समय बाद मुख्यमंत्री के पास वित्त विभाग नहीं है। आमतौर पर मुख्यमंत्री वित्त विभाग अपने पास रखते हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद 10 दिसंबर को विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री के साथ दो डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा शपथ ली। मंत्रियों के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ा। मंत्रियों को 22 दिसंबर को शपथ दिलाई गई। इसके बाद विभागों को लेकर भी इंतजार लंबा हो गया। अब जाकर विभागों का बंटवारा किया गया है।

### मुख्यमंत्री के पास पहली बार आबकारी और परिवहन

प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री के पास आबकारी और परिवहन विभाग है। इसके पहले प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी, डॉ. रमन सिंह और भूपेश बघेल के पास यह विभाग कभी नहीं रहे।

**मुख्यमंत्री**



विष्णुदेव साय — सामान्य प्रशासन, खनिज, ऊर्जा, जनसंपर्क, वाणिज्यकर कर, आबकारी, परिवहन और अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आवंटित न हो

**उप मुख्यमंत्री**



अरुण साव — लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय निकाय



विजय शर्मा — गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार, विज्ञान प्रौद्योगिकी


**मंत्री**



बृजमोहन अग्रवाल — स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन एवं संस्कृति



रामविचार नेताम — आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकास, कृषि विकास और किसान कल्याण



दयालदास बघेल — खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण



केदार कश्यप — वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता



लखनलाल देवांगन — वाणिज्य, और उद्योग एवं श्रम



श्याम बिहारी जायसवाल — लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा बीस सूत्रीय कार्यान्वयन



ओपी चौधरी — वित्त, वाणिज्यकर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी



टंकराम वर्मा — खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजस्व एवं आपदा



लक्ष्मी राजवाड़े — महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण

### मुख्यमंत्री बोले- विभागों का बंटवारा कर दिया गया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, दो डिप्टी सीएम सहित सभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सभी मंत्री निष्ठा के साथ परिश्रम करके अच्छा से अच्छा काम करेंगे। सभी को बधाई है। सभी मंत्रियों को जानकारी भी दे दी गई है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार में पिछली सरकार की तरह कुछ नहीं होगा। कानून व्यवस्था ठीक रहेगी और प्रदेश में महिलाएं पूरी तरह से सुरक्षित भी रहेंगी।

### राजिम कुंभ फिर करेंगे शुरू: बृजमोहन

स्कूली के साथ उच्च शिक्षा मंत्री का जिम्मा मिलने के बाद प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, शिक्षा किसी भी राज्य के विकास का महत्वपूर्ण आधार होता है। हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हो। उन्होंने यह भी कहा, राजिम कुंभ को पहले से ज्यादा बेहतर और भव्य रूप में फिर से शुरू किया जाएगा। शाम को मंत्रियों को विभागों के बंटवारे के बाद श्री अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, सभी मंत्रियों को उनकी योग्यता के हिसाब से विभाग दिए गए हैं। निश्चित रूप से भाजपा शेष पेज 2 पर

- छत्तीसगढ़ की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की कोशिश होगी

### केदार-दयालदास बोले मोदी की गारंटी करेंगे पूरी

प्रदेश के मंत्रियों के बंटवारे के बाद मंत्री केदार कश्यप और दयालदास बघेल ने एक स्वर में कहा, प्रदेश की जनता के हित के लिए काम किए जाएंगे। हमारी पार्टी ने मोदी के नाम की जो गारंटी दी है, उस पर काम किया जाएगा और हर गारंटी को पूरा करेंगे। विभागों के बंटवारे के बाद वन जलवायु, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पार्टी संगठन का धन्यवाद करता हूं उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। राज्य सरकार की योजनाओं का निचले स्तर पर क्रियान्वयन सही तरीके से हो यह कोशिश होगी। हसदेव अरण्य को लेकर श्री कश्यप ने कहा, हसदेव अरण्य मामले का पहले मैं अध्ययन करूंगा। उसके आधार पर तय शेष पेज 2 पर

### सीबीआई की रहीं जॉइंट डायरेक्टर

## नीना सिंह बनीं सीआईएसएफ की पहली महिला चीफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कई हार्डकोर आईबी अफसरों को अर्ध सैनिक बलों के प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी दी है। केंद्र सरकार ने 1989 बैच की राजस्थान कैडर की आईपीएस अधिकारी नीना सिंह को सीआईएसएफ का महानिदेशक नियुक्त किया है। इस पद को संभालने वालीं वे पहली महिला अधिकारी होंगी। राजस्थान कैडर की 1989 बैच की आईपीएस अधिकारी नीना सिंह वर्तमान में सीआईएसएफ में विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

#### हार्डकोर अधिकारी भी किया गया नियुक्त

ज्ञात हो कि हाल ही में संसद में हुई घटना के बाद गृह मंत्रालय ने संसद की सुरक्षा में सीआईएसएफ को शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। केंद्र सरकार ने विवेक श्रीवास्तव को एलबी का एक हार्डकोर अधिकारी नियुक्त किया है जो वर्तमान में महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के रूप में विशेष निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

#### इन अधिकारियों का भी बदला गया प्रभार

राहुल इसके अलावा केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के विशेष निदेशक राहुल रसगोत्रा को आईटीबीपी का नया महानिदेशक नियुक्त किया है। वह मणिपुर कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। राहुल रसगोत्रा काफी समय से इंटेलिजेंस ब्यूरो में कार्यरत थे. वहीं, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के प्रमुख अनीश दयाल सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया। अनीश दयाल सिंह हाल ही में संसद भवन में हुई घुसपैठ की जांच कर रहे हैं। उन्होंने पहले काफी समय तक आईबी में काम किया था।

## मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी ने तुर्री पहुंचकर किया कुल देवता का दर्शन



गांव के पुजारी ने सीएम को विधि विधान से पूजा पाठ कराया

**जशपुर।** मुख्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार अपने गृह ग्राम बगिया आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने आज बंदरचुवा के पास तुर्री गांव पहुंचकर कुल देवता का दर्शन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कुलदेवता को गुड़, नारियल, पान, सुपारी अर्पित कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर स्थल में गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्वजों के आशीर्वाद से ही शुभ कार्य संपन्न होते हैं। आज तुर्री में अपने शेष पेज 2 पर



### मुख्यमंत्री बने निक्षय मित्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अटल सुशासन समारोह में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किट वितरण किया शेष पेज 2 पर

### प्रदेश में बढ़ रहा कोरोना

## हाईकोर्ट ने डीन से कहा- सिर्फ 10 बेड से क्या होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कोरोना के खतरा बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। बिलासपुर में भी एक मरीज मिलने के बाद उसे होम आइसोलेशन में रखा गया था। शुक्रवार को हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने मामले की सुनवाई करते हुए डीन को तलब किया। हाईकोर्ट ने जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में पूछा। डीन डा. केके सहारे ने बताया कि सिम्स और जिला अस्पताल शेष पेज 2 पर

- जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई



### यह है स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के अस्पतालों में 52 एडल्ट वेंटीलेटर, 13 पीडियाट्रिक वेंटीलेटर, 107 मल्टी पैरा मॉनिटर, 841जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर, 343 छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर और 578 ऑक्सीजन कंसलटेंटर तैयार कर रख लिया गया है। साथ ही 10 सेंटर में सैंपल जांच किए जा सकेंगे। इसमें 7 सरकारी शेष पेज 2 पर

### कोरिया वनमंडल के वनकर्मी भालू को रेस्क्यू कर जंगल सफारी में लाए

## मां से बिछड़ा भालू शावकों का जोड़ा बनेगा जंगल सफारी का मेहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जंगल सफारी में गुरुवार शाम दो नए मेहमानों की आमद हुई है। दरअसल कोरिया वनमंडल में मादा से बिछड़े दो भालू शावकों को वनकर्मियों की टीम ने रेस्क्यू कर बेहतर देखभाल के लिए जंगल सफारी में लाकर छोड़ा है। भालू के शावक पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। उनका वजन चार पाउंड से ज्यादा है।

शावकों की बेहतर देखभाल के लिए आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है।



### शावक इसलिए गड्ढे में गिरे

जहां भालू के शावक मिले थे, वहां वनकर्मी तथा अफसरों की टीम मुआयना करने पहुंची, तो वन अफसरों ने पाया कि जहां शावक मिले हैं, उसके कुछ दूरी पर भालू की गुफा थी। वन अफसरों ने आशंका व्यक्त की है कि दोनों शावक गुफा से सरकते हुए गड्ढे में आकर गिर गए होंगे।

### भालू को आइसोलेशन वार्ड में रखा गया



### शावकों की उम्र एक माह के करीब

जंगल सफारी के डायरेक्टर के मुताबिक भालू शावकों की उम्र एक माह के करीब है। शावकों को डाइट के रूप में बकरी का दूध दिया जा रहा है। शावकों को जहां रखा गया है, वहां वन्यजीव चिकित्सक, केयर टेकर के अलावा किसी को जाने की अनुमति नहीं है। भालू का पाचन तंत्र ठीक रहे, इसके लिए जरूरत पड़ने पर ग्राइप वाटर की कुछ बूंदें दी जा रही हैं।

जंगल सफारी के डयरेक्टर हेमंत पहारे के मुताबिक हर चार घंटे में वन्यजीव चिकित्सक शावकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। गौरतलब है तीन दिन पूर्व कोरिया वनमंडल के चिरमिरी रेंज के बहालपुर में 10 फीट गहरे गड्ढे में एक ग्रामीण को रोते हुए भालू शावक मिले। गड्ढे में गिरे शावकों को ग्रामीण कुत्ते का बच्चा समझकर पालने के लिए अपने घर ले आया। ग्रामीण द्वारा लाए गए शावक को किसी दूसरे ग्रामीण ने भालू का बच्चा होने की पुष्टि करते हुए इसकी जानकारी वन विभाग के अफसरों को दी। भालू के शावक लाने वाले ग्रामीण के शेष पेज 2 पर

## चिंतन

# उल्फा से नव समझौता असम में लाएगा शांति

चार दशक से असम में जारी उल्फा उग्रवाद में मौजूदा समझौता ज्ञापन अहम अध्याय है। गुजरते वर्ष के आखिरी दिनों में 29 दिसंबर को केंद्र सरकार, असम सरकार, और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ़ असम (उल्फा) के बीच शांति समझौता हुआ है। इस समझौते का मकसद असम में दशकों से चल रहे संघर्ष को खत्म करना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हालांकि उल्फा का परेश बरुआ गुट समझौते से अलग है, वह अपनी संप्रभुता की मांग पर डटा हुआ है। असम में उल्फा उग्रवाद की 44 साल लंबी यात्रा रही है। इस समझौते के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े विद्रोही समूहों में से एक उल्फा के एक गुट की लंबी लड़ाई अब खत्म हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार उल्फा की सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी और उल्फा संगठन को भंग कर दिया जाएगा। असम के सबसे पुराने विद्रोही समूह के साथ हुए इस शांति समझौते का मकसद अवैध घुसपैठ, मूल निवासियों के लिए जमीन का अधिकार और असम के विकास के लिए एक वित्तीय पैकेज जैसे मुद्दों को सुलझाना है। इस समझौते के बाद असम में हिंसा में बड़ी कमी आएगी विास में तेजी आएगी। लोगों में शांति और स्थिरता की भावना बढ़ेगी। असम में लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। यही नहीं स्वदेशी लोगों को सांस्कृतिक सुरक्षा और भूमि अधिकार भी मिल पाएगा। उल्फा की स्थापना परेश बरुआ, अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया ने 7 अप्रैल, 1979 को शिवसागर, असम में की थी। असम में हाल के समय में लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण कदम देखे गए हैं, लेकिन उल्फा मुद्दा कई विवादास्पद मुद्दों के बीच शीर्ष पर बना रहा। उल्फा मुद्दा शुरू में एक आंदोलन था, लेकिन जल्द ही अपहरण, जबरन वसूली, हत्याओं और बम विस्फोटों के साथ यह सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। समझौते पर हस्ताक्षर एक तरह से चार दशक पुरानी समस्या का अधूरा समाधान ही माना जाएगा, क्योंकि परेश बरुआ नीत उल्फा (इंडिपेंडेंट) गुट तब तक बातचीत के लिए तैयार नहीं है जब तक कि असम की 'संप्रभुता' के मुद्दे पर चर्चा नहीं होती। उसके कैडर हिंसा की छिटपुट घटनाओं में शामिल हैं और सुरक्षा बलों ने अभियान तेज कर दिया है। उल्फा (आई) की अनुपस्थिति और विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों द्वारा इसे अधूरा समाधान बताए जाने के बावजूद, यह समझौता एक मील का पत्थर है, क्योंकि 1991 के बाद से संगठन के साथ बातचीत के कई प्रयासों के बावजूद, कोई समाधान नहीं निकला है। उल्फा ने कई मौकों पर बातचीत की इच्छा जताई, लेकिन 'संप्रभुता' मुद्दे पर अपने रुख पर अड़ा रहा। वर्ष 2011 में संगठन में दूसरी बार विभाजन होने के बाद अध्यक्ष अरबिंद राजखोवा सहित शीर्ष नेतृत्व पड़ोसी देश से असम लौटा। उसके बाद वे संप्रभुता विषय के बिना बातचीत की मेज पर आने के लिए सहमत हुए और केंद्र सरकार को 12-सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। 1990 और 2000 के दशक में राज्य में उल्फा का जबरदस्त प्रभाव था। उल्फा शुरू में पड़ोसी नगालैंड और मिजोरम के उग्रवाद से प्रभावित। 1990 को सेना ने उल्फा के खिलाफ ऑपरेशन बजरंग शुरू किया था। उसी दौरान उल्फा को अलगाववादी और गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया जो अब तक कायम है। नव समझौता असम में शांति लाएगा।



लीगल रिफॉर्म
प्रमोद भार्गव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा।

# औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूलचूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए। राष्ट्रपति ने भी अपनी मंजूरी दे दी है। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में लाए गए ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता नीहित कर दी गई है। उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का मुख्य उद्देषश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था। इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा। वैसे भी भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा की भावना पर आधारित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। इसी तरह दुष्कर्म की धारा 376 को 63 में बदला गया है।

1860 में बने इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली गई हैं। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। अब सरकार की आलोचना अपराध नहीं होगी, लेकिन देशद्रोह अपराध बना रहेगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। दो, मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में



हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्रवाई होती थी।

तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा।

चौथा, देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं।

सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए हैं। लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुशिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भगीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब देश के खिलाफ कोई गतिविधि हो तो, तब देशद्रोह की धारा प्रभावी होगी।

धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिन्हों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले तत्व कानूनी शिकंजे से बच नहीं पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



नव वर्ष
प्रियंका सौरभ

# नई उम्मीदें, नए लक्ष्य

नए साल पर अपनी आशाएँ रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह भी समझने की ज़रूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएँ भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन संभवतः ये प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है जो उसने हमारे लिए रखा है जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही, अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज़ छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में, हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए सीख होगी। हर साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएँ पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। लेकिन जैसे-जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरुआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरुआत की थी। और आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और 'नया साल' मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते हैं।

नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि, ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है, और फिर हम वापिस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न-जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है।

नए साल पर अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर लें। छात्र हों या नौकरीपेशा, सभी के लिए कोई न कोई लक्ष्य होना जरूरी होता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं और किस दिशा में प्रयास करना है, इन सब का निर्धारण करने के बाद उसे पूरा करने का संकल्प ले लें। आपका संकल्प हमेशा लक्ष्य को पूरा करने की याद दिलाता रहेगा। सभी 'नए साल' को जीवनकाल से जोड़ते हैं और हमारा जीवनकाल आशाओं और निराशाओं, सफलताओं और असफलताओं, खुशियों और दुखों के बारे में है और यह वर्ष भी कम जादुई नहीं होगा। तो इस वर्ष आप अपने संकल्पों को कैसे पूरा कर सकते हैं? इस बारे सोच समझकर आगे बढ़िये, दूसरों से समर्थन मांगें, अपने मित्रों और परिवार से आपका उत्साह बढ़ाने के लिए कहें। उन्हें अपने लक्ष्य बताएं और आप क्या हासिल करना चाहते हैं। अपने लिए एक इनाम प्रणाली बनाएं, अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए स्वयं को पुरस्कृत करें। अपने ऊपर दया कीजिये, कोई भी एकदम सही नहीं होता। अपने आप को कोसने की बजाय गहरी सांस लें और नव उत्कर्ष के प्रयास करते रहें। ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। भारतीय परम्परा के अनुसार नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढन्ने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढन्ना चाहिए। ताकि इस वर्ष की एक सुखद पहचान बने।


## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें, तभी अशांति दूर होगी



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपराधियों को सजा देने में हिचकिचाहट क्यों?

अर्जुन अवार्डी विनेश फोगाट और अन्य खिलाड़ियों के साथ बृजभूषण शरण सिंह का क्या व्यवहार है? महिला खिलाड़ियों को उत्पीड़न का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? अगर महिला खिलाड़ियों की इज्जत और आबरू दाव पर लगती है, तो जरा सोचिए, क्या भविष्य में खेल के मैदान में कोई महिला उतरेगी? कौन अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी जगह भेजेगा जहां उनकी इज्जत नहीं होती। एक तो खिलाड़ियों की ड्रेस ही ऐसी होती है कि अभिभावक दिल पर पत्थर रखकर ही उसे खिलाड़ियों को पहनाते हैं।

**-मनोज जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### लद्दाख में बन रही सड़कें



सरकार ने लद्दाख में राजकीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों से संबंधित 29 परियोजनाओं के लिए 1,170.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत आठ पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

### स्वास्थ्य ढांचे का निर्माण



सरकार बुनियादी ढांचे को न केवल उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, बल्कि चिकित्सा पेशेवरों की बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए और अधिक संस्थान भी बना रही है।

-मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य मंत्री

### कदम उठा रही सरकार



घने कोहरे से उड़ान संचालन पर पड़ने वाले असर से निपटने के लिए सरकार कदम उठा रही है। कोहरे का सामना हम हर साल 15-20 दिन करते हैं, पर इस साल, पिछले तीन या चार दिन से अप्रत्याशित कोहरा रहा है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, विमानन मंत्री

### हिंदुत्व मुद्दे पर चुनाव



भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ सकती है। मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का और 14 फरवरी को अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद आम चुनाव की घोषणा की जाएगी।

-शशि थरूर, कांग्रेस नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

### भारतीय मूल के उद्यमी ऑर्डर ऑफ कनाडा से सम्मानित



भारत में जन्मे उद्यमी फिरदौस खरास को मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए देश के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' के एक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 के लिए 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' की नियुक्तियों की वार्षिक सूची कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन ने बृहस्पतिवार को जारी की। 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह समाज के सभी क्षेत्रों के उन लोगों को मान्यता देता है, जिन्होंने कनाडा में असाधारण और निरंतर योगदान दिया है। साइमन ने 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' में 78 नई नियुक्तियों की घोषणा की, जिनमें तीन 'कम्पैनियन', 15 अधिकारी, एक मानद अधिकारी और 59 सदस्य शामिल हैं। खरास (68) को 'एक सामाजिक उद्यमी, मानवतावादी और जन संचार मीडिया निर्माता के रूप में मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए' 'ऑर्डर ऑफ कनाड़ा का अधिकारी नियुक्त किया गया। खरास ने एक बयान में कहा, 'मैं इस उच्च सम्मान को पाकर बहुत अभिभूत हूं, जो खासकर एक प्रवासी के रूप में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। भले ही पारसी समुदाय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन कनाडा में उनकी संख्या बहुत कम यानी मात्र 3,600 है, इसलिए इस प्रकार का सम्मान मिलना बहुत ही संतोषजनक है।'

## ऑफ बीट

### बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीजें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीजें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है। मनुष्यों में कम से कम 25 अलग-अलग रिसेप्टर्स होते हैं जो कड़वाहट का पता लगाते हैं, और हममें से प्रत्येक के पास अपने स्वयं के आनुवंशिक संयोजन होते हैं।

बिलासपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023 पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी | वर्ष : 23, अंक : 309 | पृष्ठ : 12+8 = 20, मूल्य : 4.00 *** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## रामलला को ठंड से बचाने ओढ़ाई गई जयपुर की रजाई

*देशभर में कड़ाके की ठंड व गिरते तापमान के बीच अयोध्या में रामलला को ठंड से बचाने के लिए कई तरह की चीजें की जा रही हैं। न सिर्फ भगवान को ऊनी वस्त्रों से सुरक्षित किया जा रहा है, बल्कि राजस्थान की राजधानी जयपुर से स्पेशल रजाई मंगाई गई है। इस रजाई को रामलला को ओढ़ाया गया है, ताकि सर्दी से सुरक्षा हो सके। दरअसल, रामलला के जन्मभूमि परिसर में भगवान राम की एक बालक की तरह सेवा की जा रही है।*

## घंटा बजेगा तो निकलेगी ओम की प्रतिध्वनि

*दरअसल तमिलनाडु के रामेश्वरम से चलकर 613 किलो का एक घण्टा अयोध्या पहुंच चुका है। यह घंटा अष्टधातु से बना है। इस घंटे को तमिलनाडु की सांसद कनिमोझी के परिवारजनों ने भेजा है और इस पर उनका नाम भी लिखा है। इस घंटे की खासियत पर गौर करें तो जब ये बजेगा तो ओम की ध्वनि प्रस्फुटित होती नजर आएगी।*




## कनिमोझी की फैमिली ने भेजा 613 किलो का घंटा

दक्षिण भारत के तमिलनाडु में सत्ता पर काबिज डीएमके के नेताओं का 'सनातन' और 'हिंदी' से बैर दशकों पुराना है। इसी बीच जब तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की सौतेली बहन डीएमके सांसद कनिमोझी की फैमिली से अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के कर्ताधर्ताओं के पास अंग्रेजी में 'जय श्री राम' लिखा एक 613 किलोग्राम का घंटा भेंट के रूप में पहुंचा तो बहुत से लोगों को ये कुछ अटपटा सा लगा।

# महर्षि बाल्मीकि के नाम पर होगा अयोध्या हवाई अड्डा, आज पीएम करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन कल किया जाएगा जो आधुनिक सुविधाओं से लैस है वहीं उसे राममंदिर की वास्तुशैली के चित्रण के साथ पारंपरिक स्वरूप में भी दर्शाया



गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 30 दिसंबर को अयोध्या के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इस हवाई अड्डे का नाम रामायण के रचियता महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन को तिरंगे की ▶▶|शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नए ट्रैक से पहली बार गुजरी ट्रेन दसवीं की 2 छात्राओं की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें नए रेलवे ट्रैक की



टेस्टिंग के दौरान दसवीं की दो छात्राएं ट्रेन की चपेट में आ गईं और दोनों की ही मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की है, घटना के समय दोनों लड़कियां ट्यूशन से लौट रही थीं। रेलवे ट्रैक का ट्रायल इंदौर के कैलोद हाला इलाके में चल रहा था। घटना के बाद राज्य के मंत्री और स्थानीय विधायक तुलसीराम सिलावट ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को घटना की जानकारी दी।

अमित शाह की मौजूदगी में त्रिपक्षीय समझौते पर हुए हस्ताक्षर

# असम अब शांत होगा, उग्रवादी संगठन उल्फा से ऐतिहासिक शांति समझौता, सरकार देगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वोत्तर भारत और खासकर असम में शांति स्थापित करने की दिशा में आज सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने असम के उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के एक गुट के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौता किया है। नई दिल्ली में गृह मंत्रालय में हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उल्फा प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। आपको बता दें कि परेश बरुआ की अध्यक्षता वाला उल्फा का कट्टरपंथी गुट इस समझौते का हिस्सा नहीं है। ऐसा माना जाता है कि बरुआ चीन-म्यांमार सीमा के पास ▶▶|शेष पेज 2 पर



### क्या है उल्फा और क्यों हुआ था इसका गठन?

उल्फा भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम में सक्रिय एक प्रमुख आतंकवादी और उग्रवादी संगठन है। इसका गठन 7 अप्रैल, 1979 में परेश बरुआ ने अपने साथी अरबिंद राजखोवा, गोलाप बरुआ उर्फ अनुप चेतिया, समीरन गोगोई उर्फ प्रदीप गोगोई और भद्रेश्वर गोहैन के साथ मिलकर किया था। इस संगठन के गठन का उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से असम को एक स्वायत्त और संप्रभु राज्य बनाना था। यह संगठन विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है।

### क्या है समझौते के प्रमुख बिंदु?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, समझौते के तहत सरकार सशस्त्र आंदोलन छोड़ चुके उल्फा के सदस्यों को मुख्य धारा में लाने के प्रयास करेगी और रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराएगी। असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी और लोगों को बेहतर रोजगार के साधन राज्य में ही मुहैया कराए जाएंगे। बता दें कि ये केंद्र सरकार, असम सरकार और उल्फा के एक गुट के बीच हुआ त्रिपक्षीय समझौता है।

### समझौता पर हस्ताक्षर ऐतिहासिक दिन

इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा, आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। लंबे समय तक असम और पूरे उत्तर-पूर्व ने हिंसा झेली है। यह असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों की शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### कई खूनी खेल को अंजाम दिया है उल्फा ने

*वामपन्थी विचारधारा को मानने वाले उल्फा ने कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। 1990 में संगठन ने चाय व्यापारी सुरेंद्र पॉल की हत्या की थी जिससे बागान के प्रबंधक और कई चाय व्यापारी डरकर राज्य छोड़कर भाग गए। इन्होनें 1 जुलाई, 1991 को रूसी इंजीनियर का अपहरण किया था अन्य लोगों के साथ उसकी हत्या कर दी। 30 अक्टूबर, 2008 असम में एक साथ हुए 13 धमाकों में करीब 77 लोगों की मौत और 300 लोग घायल हुए थे।*

### 1990 में इस संगठन पर लगा प्रतिबंध

*केंद्र सरकार ने 1990 में इस पर प्रतिबंध लगाकर इसके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू कर दिया। 31 दिसंबर, 1991 को उल्फा के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ हीरक ज्योति महंत की मृत्यु के बाद उल्फा के लगभग 9,000 सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद 2008 में इनके लीडर अरबिंद राजखोवा को बांग्लादेश में गिरफ्तार कर लिया गया और भारत को सौंप दिया गया। राजखोवा ने शांति समझौते की बात की तो ये संगठन दो भागों में बंट गया।*

ऑटो चालक ने ऐसी रची साजिश

# जिसकी हुई थी हत्या वही निकला हत्यारा!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले में ऑटो चालक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 36 घंटे के भीतर सुलझा ली है। चौकाने वाली बात यह है कि पुलिस ने ऑटो चालक की हत्या के आरोप में जिस आरोपी को पकड़ा वह वही व्यक्ति निकला जिसकी हत्या हुई थी। दरअसल शराब के नशे में धुत ऑटो चालक ने ही सवारी की हत्या की थी और इसके बाद मोबाइल व कपड़े के साथ ▶▶|शेष पेज 2 पर

■ सवारी की जान लेकर बदले कपड़े, घटना को दिया खुद की हत्या का स्वरुप

### इस तरह हुआ मामले का खुलासा

पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान आटो चालक 25 दिसंबर की रात्रि 7:35 बजे बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से एक यात्री को लेकर जाता सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया। इसके आगे देखने पर वह बाब जी पार्क के एसबीआई एटीएम में पैसे निकालते हुए 8 बजे, वसुंधरा नगर महाराणा प्रताप चौक स्थित शासकीय शराब दुकान में 8:14 बजे शराब लेता दिखाई दिया। फिर महिमा काम्पलेक्स व्यापार बिहार रोड, बारहखोली चौक, तोरवा थाना चौक, मोपका सीपत, कुली, बलौदा से खिसोरा सीसटीवी फुटेज में दिखाई दिया। इसी प्रकार यात्री द्वारा अपने फोन पे से आटो चालक शंकर शास्त्री के फोन पे में रु 210/- ट्रांसफर किया गया, जिस नंबर से ट्रांसफर किया गया था उसकी जानकारी फोन पे से जानकारी लेने पर मोबाईल धारक ▶▶|शेष पेज 2 पर

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम

# देश के पांच उच्च न्यायालयों को मिलेंगे चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र को राजस्थान, पंजाब और हरियाणा, गुवाहाटी, इलाहाबाद और झारखंड के हाई



कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किए जाने वाले पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और बीआर गवई भी बतौर सदस्य शामिल हैं, उन्होंने नामों की सिफारिश करने के लिए वरिष्ठता, उच्च न्यायालयों के क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, ▶▶|शेष पेज 2 पर

### इनके नाम आए सामने

कॉलेजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए जस्टिस मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शील नागू, गुवाहाटी हाईकोर्ट के विजय बिश्नोई, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अरुण भंसाली और झारखंड हाईकोर्ट के लिए न्यायमूर्ति बी आर सारंगी के नाम की सिफारिश की है।

इसरो चीफ एस सोमनाथ का दावा

# अगले 5 साल में 50 सैटेलाइट भेजेंगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि भारत ने



खुफिया जानकारी इकट्ठे करने के लिए अगले 5 सालों में 50 सैटेलाइट को लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इनमें सैनिकों की आवाजाही पर नजर रखने और हजारों किलोमीटर क्षेत्र की तस्वीरें लेने की क्षमता के साथ विभिन्न कक्षाओं में उपग्रहों की एक परत का निर्माण शामिल होगा। आईआईटी, मुंबई के वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी समारोह ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पड़ोसियों पर रखेंगे नजर

सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्षयान देश की सीमाओं और पड़ोसी क्षेत्रों पर नजर रखने में सक्षम हैं। यह सब सैटेलाइट से देखा जा सकता है। हम इसे संभालने के लिए सैटेलाइट लॉन्च कर रहे हैं, लेकिन अब सोचने का एक अलग तरीका है। हमें इसे और अधिक महत्वपूर्ण तरीके से देखने की जरूरत है क्योंकि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसकी यह समझने की क्षमता है कि उसके आसपास क्या हो रहा है।' इसरो प्रमुख ने कहा, 'हमने अगले पांच वर्षों में 50 उपग्रहों को अंतिम रूप देने के लिए उनका संयोजन कर लिया है

# नौसेना की वर्दी पर अब दिखेंगे भारतीय प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने वर्दी पर लगने वाले पट्टिका की डिजाइन में परिवर्तन किया है। पट्टिका की पट्टी में अब सुनहरी पट्टी और चक्र की जगह सूर्य, राष्ट्रीय चिन्ह और अन्य प्रतीक दिखेंगे। नए साल से नौसेना के एडमिरल नई पट्टिका के साथ दिखेंगे। नौसेना ने इस संबंध में एक्स पर ▶▶|शेष पेज 2 पर



■ भारतीय नौसेना ने वर्दी के कंधों पर लगने वाले पट्टिका की नई डिजाइन से पर्दा हटाया

### रैंकों का नाम भी बदला जाएगा

*ज्ञात हो कि पिछले साल से नौसेना में कई बदलाव किए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने नौसेना दिवस पर यह भी घोषणा की थी कि नौसेना रैंकों का नाम भी भारतीय परंपराओं के आधार पर रखा जाएगा। नौसेना ब्रिटिश शासन के दौरान कॉलोनियल मिलिट्री ट्रेडिशन को खत्म करने के लिए उन्हें इंडियन पोस्ट रैंक से बदलने की तैयारी है। 65 हजार से ज्यादा सेलर्स को अब नई रैंक मिलेगी।*

### गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिलेगी

*नौसेना ने लिखा, नए डिजाइन में मराठा शासक की राजमुद्रा को लाना गुलामी की मानसिकता छोड़ने की कोशिश है। इसे अंग्रेजी राज की नेल्सन रिंग की जगह बदला गया है। इसके पहले कमांडरों के लिए डंडे का इस्तेमाल बंद कर दिया, नए ध्वज को अपनाया और ट्रेडिशनल इंडियन ड्रेस कोड की परमिशन भी दी गई थी।*




# 50 करोड़ के कर्ज से लद गए रसोइये 1 से बुझ जाएंगे स्कूलों के चूल्हे

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

प्रदेशभर के करीब 43 हजार प्रायमरी और मिडिल स्कूल में जलने वाले चूल्हे नए साल ठंडे पड़ जाएंगे। मध्यान भोजन में लगे महिला समूहों और रसोइयों को पिछले तीन माह का पचास करोड रुपए भुगतान नहीं किया गया है। इस वजह से रसाइयों ने आगामी एक जनवरी 2024 से काम बंद करने का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेश में 31868 प्राथमिक और 13988 मिडिल स्कूल संचालित हैं। यहां 88 हजार रसोइये कार्यरत हैं। इसके आलावा बडी संख्या में महिलाओं को रोजगार देने मध्यान भोजन का कार्य दिया गया है। पिछले सितंबर, अक्टूबर और नवंबर का करीब पचास करोड रुपए से अधिक की राशि जारी नहीं की गई है। जिसके चलते महिला समूह किराना दुकान से राशन लेते-लेते कर्जदार हो गई है, ▶▶|शेष पेज 2 पर



### आवंटन मिल चुका

केन्द्र सरकार के शेयर की राशि जारी नहीं हुई थी, लेकिन अभी आबंटन मिल गया है। जल्द ही योजना से जुडे लोगों को भुगतान कर दिया जाएगा।
**-सुनील जैन**, संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग

### आबंटन की मांग

राज्य स्तर से मध्यान भोजन का आबंटन नही मिला है। अगस्त तक कुकिंग कास्ट और रसोईयों का भुगतान हो चुका है। आबंटन आते ही भुगतान कर दिया जाएगा।
**-अभय जायसवाल**, डीईओ, दुर्ग



महिला बाल विकास की परंपरा बरकरार

# लंबे अरसे बाद सीएम के पास वित्त विभाग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा सप्ताहभर के मंथन के बाद



आखिरकार हो ही गया। खास बात ये है कि विभागों के बंटवारे में इस बार वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास नहीं है, लेकिन इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग महिला मंत्री को दिए जाने की पंरपरा कायम रखी गई है।

### वित्त विभाग मुख्यमंत्रियों की पसंद रहा है

राज्य सरकार में वैसे तो सभी विभाग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन कुछ विभागों को विशेष महत्व का माना जाता है। इस सिलसिले में वित्त विभाग का नाम लिया जाता है। राज्य में वित्त विभाग को संभालने का दायित्व हर सरकार में अधिकतर मौकों पर मुख्यमंत्री के पास ही रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2000 में मुख्यमंत्री अजीत जोगी के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार में पहले वित्तमंत्री रामचंद्र सिंहदेव बने थे। उस दौरान ये माना जाता था कि श्री सिंहदेव वित्त के कामकाज के बड़े जानकार हैं, लेकिन 2004 के बाद से 2018 तक राज्य में 15 साल तक मुख्यमंत्री बने रहने वाले डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अधिकतर समय तक वे ही वित्त का प्रभार संभालते रहे। हालांकि डॉ. रमन के कार्यकाल में अमर अग्रवाल कुछ समय तक वित्तमंत्री रहे हैं, लेकिन डॉ. रमन के बाद 2018 में कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री बने भूपेश बघेल ने वित्त विभाग अपने पास ही रखा था।

कुल मिलाकर वित्त विभाग ही अकेला ऐसा विभाग है, जिसकी बागडोर राज्य गठन के बाद से अब तक अधिकतर समय मुख्यमंत्री के हाथों में रही है, लेकिन साय मंत्रिमंडल में वित्त विभाग का काम ओपी चौधरी को दिया गया है। वे पूर्व आईएएस रहे हैं। इस लिहाज से वित्त संबंधी मामलों का उन्हें अनुभव है।

### कानून के जानकार साव बने विधिमंत्री



राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को वैसे तो लोक निर्माण और नगरीय प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, लेकिन उन्हें विधि विभाग दिए जाने के पीछे खास बजट ये है कि श्री साव कानून के जानकार हैं। पेशे से अधिवक्ता होने के साथ ही वे उपमहाधिवक्ता भी रहे हैं। माना जा रहा है कि कानून के क्षेत्र में उनके कार्य और अनुभव की वजह से उन्हें विधिमंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

### बृजमोहन को पर्यटन संस्कृति का अनुभव



भाजपा सरकार के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को इस बार भी पर्यटन एवं संस्कृति विभाग दिया गया है। इन विभागों को छोटा विभाग माना जाता है, लेकिन इन्हीं विभागों में श्री अग्रवाल ने पूर्व की भाजपा सरकार में काम करके इन्हें अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग के रूप में पहचान बनाने का काम किया था। इस तरह देखा जाए, तो साय सरकार में भी उन्हें ये दोनों विभाग उनके पुराने कार्यानुभव को देखते हुए दिया गया है।

### महिला बाल विकास महिला मंत्री को

छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग हमेशा से महिला मंत्री को दिया जाता रहा है। राज्य की पहली कांग्रेस सरकार के समय गीता देवी सिंह को यह विभाग दिया गया था। उसके बाद भाजपा सरकार में यह विभाग लता उसेंडी को दिया गया। इसके बाद कांग्रेस सरकार में महिला बाल विकास विभाग अनिला भेंडिया को दिया गया था। साय सरकार में यह विभाग पहली बार मंत्री बनी लक्ष्मी राजवाड़े को देकर महिला को ही महिला बाल विकास विभाग देने की पंरपरा का निर्वहन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### विधायक मिश्रा ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**रायपुर।** पंडरी स्थित जिला



चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने शुक्रवार को किया। आपात चिकित्सा से लेकर विधायक श्री मिश्रा ने अस्पताल के सभी विभागों का जायजा लिया और प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यकताओं के संदर्भ में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल की वर्तमान स्थितियों और आवश्यकताओं के साथ ही आने वाले मरीजों की सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। विधायक श्री मिश्रा ने जिला चिकित्सा अधिकारियों को आश्वस्त किया कि अस्पताल की आवश्यकताओं और मरीज की सुविधाओं के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस मौके पर उनके साथ पार्षद डॉ. प्रमोद साहू व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैज बोले- न्याय योजना की चौथी किस्त कब देगी सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



अध्यक्ष दीपक बैज ने विष्णुदेव सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्तों का भुगतान किया जा चुका है और चौथी किस्त के भुगतान का प्रावधान बजट में किया गया है, लेकिन भाजपा नेता दुर्भावना पूर्वक जनकल्याणकारी योजनाएं, साल खत्म होने से पूर्व ही बंद करने का षड़यंत्र रच रहे हैं। भाजपा नेता यह स्पष्ट करें कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेंगी, या उसे भी हड़पने की मंशा है। श्री बैज ने कहा, मोदी की गारंटी के नाम पर 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त देने का वादा करके सत्ता में बैठे भाजपा के नेता यह बताएं कि एमएसपी और 3100 रुपए के अंतर की राशि छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी। किसानों द्वारा लिया गया कर्ज लिंकिंग के माध्यम से शत प्रतिशत वसूला जा रहा है, लेकिन किसानों को भुगतान केवल 2183 रुपए प्रति क्विंटल की दर से ही हो रहा है। आखिर किसानों के हक और अधिकारों पर कब तक डकैती डालते रहेंगे भाजपाई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों को योगदान देने पर जोर

**रायपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक ली। इसमें उन्होंने जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों का योगदान बढ़ाने पर जोर दिया तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बैंकों को कृषि क्षेत्र और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कार्य करने के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा भुगतान को शीघ्र कराने के लिए कहा।

# 39 लाख आवेदन, 23 लाख का हो पाया पंजीयन, 15 लाख रद्द व 35 हजार लंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्यभर में 39 लाख 11 हजार 825 श्रमिकों ने पंजीयन कराने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 23 लाख 77 हजार 417 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है, जबकि 14 लाख 99 हजार 178 श्रमिकों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए हैं। विभाग को मिले कुल आवेदनों में 35 हजार 230 श्रमिकों की पंजीयन प्रक्रिया अभी जारी है।

पंजीयन के अलावा 5 लाख 22 हजार 140 श्रमिकों ने नवीनीकरण के लिए भी आवेदन किया है। इनमें 4 लाख 15 हजार 305 श्रमिकों का नवीनीकरण हुआ है, जबकि 45 हजार 82 श्रमिकों का अब तक नवीनीकरण नहीं हो पाया है। नवीनीकरण में भी 61 हजार 456 आवेदन रद्द किए गए हैं। श्रम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिनका पंजीयन एवं नवीनीकरण रद्द किए गए हैं, उन सभी श्रमिकों को उनके दिए गए मोबाइल नंबर पर मैसेज भेज दिया गया है, जिसमें आवेदन रद्द किए जाने की वजह बताई गई है। श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए शासन कई तरह की योजनाएं चला रहा है। इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को लाभ मिल सके, इसके लिए श्रमिकों को पंजीयन कराकर श्रमिक कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन करने की सुविधा भी दी जा रही है। पंजीयन की इस सुविधा के तहत श्रमिक आवेदन भी कर रहे हैं, लेकिन अब तक जितने आवेदन आए हैं, उनमें लगभग 39 प्रतिशत आवेदनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि हजारों आवेदन अब तक लंबित हैं।

- **45 हजार से ज्यादा श्रमिकों का नवीनीकरण भी नहीं हो पाया**

### रद्द करने का मैसेज मोबाइल पर भेजा जा रहा

पंजीयन रद्द करने के अलग-अलग कारण हैं। जिन श्रमिकों का पंजीयन रद्द किया जा रहा है, उन्हें उनके मोबाइल पर कारण के साथ मैसेज भेजा रहा है।

- **आरएस राजपूत,** असिस्टेंट ऑफिसर, श्रम विभाग रायपुर

### जिलावार पंजीयन, निरस्त एवं लंबित श्रमिकों की संख्या

| जिला | कुल प्राप्त | प्रक्रियाधीन | कुल पंजीकृत | रद्द |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 666055 | 1775 | 410636 | 253644 |
| बलौदा बाजार | 212705 | 7038 | 105501 | 100166 |
| गरियाबंद | 95322 | 179 | 59928 | 35215 |
| धमतरी | 205571 | 6559 | 91886 | 107126 |
| महासमुंद | 263976 | 4550 | 126134 | 133292 |
| बिलासपुर | 284451 | 304 | 169530 | 114617 |
| मुंगेली | 54723 | 1617 | 36234 | 16872 |
| कोरबा | 143491 | 415 | 99950 | 43126 |
| जांजगीर-चांपा | 243579 | 1089 | 156672 | 85818 |
| रायगढ़ | 154434 | 1726 | 104302 | 48406 |
| गौरेला पेंड्रा मरवाही | 14298 | 19 | 10415 | 3864 |
| बस्तर | 42466 | 136 | 37239 | 5091 |
| कोंडागांव | 30268 | 58 | 22995 | 7215 |
| कांकेर | 74158 | 1526 | 56850 | 15782 |
| दन्तेवाड़ा | 31999 | 0 | 25343 | 6656 |
| सुकमा | 40093 | 93 | 35180 | 4820 |
| नारायणपुर | 15035 | 9 | 14174 | 852 |
| बीजापुर | 13135 | 26 | 11368 | 1741 |
| सरगुजा | 83946 | 145 | 47022 | 36779 |
| सुरजपूर | 157813 | 1874 | 110752 | 45187 |
| बलरामपुर | 59340 | 335 | 43200 | 15805 |
| कोरिया | 92457 | 769 | 72063 | 19625 |
| जशपुर | 37472 | 52 | 28727 | 8693 |
| दुर्ग | 185532 | 902 | 111978 | 72652 |
| राजनांदगांव | 322337 | 1176 | 140948 | 180213 |
| बालोद | 154029 | 286 | 93272 | 60471 |
| बेमेतरा | 131673 | 2227 | 83059 | 46387 |
| कवर्धा | 101467 | 345 | 72059 | 29063 |

### नवीनीकरण अब हर साल

विभागीय अधिकारियों के अनुसार श्रमिक कार्ड पहले पांच साल के लिए बनाया जाता था, लेकिन नए नियम के तहत अब श्रमिकों को प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराना होगा। राज्य में पांच साल अवधि के लिए बनाए गए सभी श्रमिकों का पंजीयन रद्द कर दिया गया है। अब दोबारा श्रमिकों का पंजीयन कराकर श्रमिक कार्ड बनाया जा रहा है।

### पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने लग रही रोज भीड़

श्रम विभाग के दफ्तरों में पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने श्रमिकों की हर रोज भारी भीड़ लग रही है। रायपुर जिले में भी हर रोज श्रमिकों की भीड़ पहुंच रही है। एक साथ बड़ी संख्या में श्रमिकों के पहुंचने के कारण पंजीयन एवं नवीनीकरण करने में विभागीय कर्मचारियों का पसीना छूट रहा है। कई श्रमिकों को तो समय के अभाव या सर्वर डाउन होने के कारण दूसरे दिन बुलाया जा रहा है।

# बीमारी, कर्ज, जमीन विवाद से परेशान होकर परिवार ने की थी खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना स्थित बीएसयूपी कालोनी में लखन सेन, उसकी पत्नी तथा बेटी के फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस को मृतक लखन की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में कर्ज, बीमारी तथा जमीन विवाद से परेशान होकर खुदकुशी करने की बात का उल्लेख है।



पुलिस सुसाइड नोट की राइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराने की बात कह रही है।

गौरतलब है कि गुरुवार को रात दस बजे के करीब पुलिस को एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा खुदकुशी करने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। रात ज्यादा होने की वजह से पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया था। दूसरे दिन शुक्रवार को फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर जांच की। घटनास्थल के आसपास फोरेंसिक टीम को खून की कुछ बूंदें मिलीं। आशंका जताई जा रही है कि खुदकुशी करने के समय नाक से खून बहता है, वही खून की बूंदें घटनास्थल के पास मिली हैं।

### लगातार तगादा करने से परेशान था

पुलिस के अनुसार लखन के सुसाइड नोट में इस बात का उल्लेख किया है कि उसने जिन लोगों से लोन लिया था, वे अपने पैसों की मांग करने लगातार तगादा कर रहे थे। इसके अलावा जानकारी मिली है कि लखन ने अपनी बेटियों की शादी करने के लिए अलग से लोगों से लोन लिया था। इसके अलावा लखन ने दीपावली पर 40 हजार रुपए की बीसी उठाई थी।

# दो बरस की रंजिश में खूनी खेल, युवक को घेरकर चाकू, डंडे से हमला

**रायपुर/ धरसींवा।** धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी में आपसी रंजिश पर एक परिवार के लोगों ने एक युवक पर चाकू, रॉड तथा डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 147, 148 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है पुलिस के मुताबिक कपिश मरकाम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक ही परिवार के तीन नाबालिग सहित पूरन सोलंकी, दिनेश, अमित, विजय राठौर तथा रोहित को गिरफ्तार किया है। कपिश के चाचा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को पूरन तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने कपिश को घेर लिया और उस पर चाकू, डंडा तथा रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कपिश के पिता तथा चाचा द्वारा बीच बचाव करने पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की। कपिश के चाचा के मुताबिक एक पखवाड़ा पूर्व सोलंकी परिवार का एक लड़का गांव में लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बाइक चला रहा था, जिसे उसने तथा गांव के कुछ लोगों ने रोककर समझाइश दी। इससे नाराज होकर सोलंकी परिवार के लड़के ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर कपिश पर प्राणघातक हमला किया।

# 57 नगरीय निकायों में सवा 6 सौ आडिट आपत्तियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के करीब 57 नगरीय निकायों के ऑडिट में 624 आपत्तियां सामने आई हैं। नगरीय निकायों का वार्षिक प्रतिवेदन इसी साल 15 मार्च को विधानसभा के समक्ष पेश किया जा चुका है। अब संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों को पत्र जारी कर ऑडिट आपत्तियों का निराकरण करने कहा है।

**दिया है ये निर्देश:** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में संबंधित निकायों से कहा गया है कि विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किए जाने वाले संचालक छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के स्थानीय नगरीय निकायों के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 जारी किया गया है।

### इन निकायों में सामने आई हैं ऑडिट आपत्तियां

नगरीय प्रशासन विभाग के वार्षिक प्रतिवेदन में जिन निकायों की आडिट आपत्तियां सामने आई हैं, वे इस प्रकार हैं- नगर पालिक निगम धमतरी, दुर्ग, बिलासपुर (सकरी) पालिका में सुकमा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जामुल, बेमेतरा, कुम्हारी, कटघोरा, सारंगढ़, जांजगीर चांपा, और कवर्धा शामिल हैं। नगर पंचायतों में कुरां, माना कैंप, राजिम, आमदी, गीदम, केशकाल, पखांजुर, परपोड़ी, मारो, थान खमरिया, बेरला, साजा, देवकर, उत्तई, पाटन, डोंगरगढ़, डौंडी, पांडातराई, चिकलाकसा, छुरिया, किरोड़ीमल नगर, तुमगांव, लवन, पलारी, खरौद, अड़भार, बलौदा, गौरेला, सरगांव, पथरिया, बिल्हा, कोटा, बोदरी, भटगांव और बिलाईगढ़ शामिल हैं।


जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो
सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल इस्तेमाल करने का तरीका

STEP 1 — डा. ऑर्थो तेल की कम से कम 8ml से 10ml मात्रा कटोरी में लेकर पीड़ित अंग/जोड़ पर धीरे-धीरे हल्के हाथ से मालिश करें।

STEP 2 — पीड़ित अंग/जोड़ पर आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से तब तक मालिश करें जब तक तेल पूर्णतः समा न जाए।

STEP 3 — आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से मालिश सुबह नहाने के बाद और रात्रि में सोने से पहले करें। यह ज्यादा लाभप्रद रहता है।

STEP 4 — डा. ऑर्थो तेल के प्रयोग से पहले एवं बाद में हाथों को अच्छी तरह साबुन से धो लें।

STEP 5 — आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से अधिक एवं शीघ्र लाभ के लिए डा. ऑर्थो के दो कैप्सूल सुबह व दो कैप्सूल शाम को दूध या गुनगुने पानी के साथ सेवन करना लाभकारी है।

STEP 6 — पुराने एवं जटिल रोगों के लिए डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल का नियमित 3 माह का प्रयोग अधिक लाभकारी एवं निर्देशित है।

STEP 7 — यह कोई Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। साथ ही यह Clinically Tested भी है।

क्या आप यह भी जानते हैं?
जानू बस्ती थेरेपी क्या है और इसे डा. ऑर्थो तेल के साथ इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।



जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।




24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores




वो मुस्लिम लड़की है, लेकिन उसे भगवान राम से प्यार है, मन में उनके लिए गहरी श्रद्धा-सम्मान है। और इसी भावना के वशीभूत वह रामलला के दर्शन हेतु पैदल यात्रा कर रही है। जी हां, किसी के लिए भी यह थोड़ा हैरान करने वाली बात है, लेकिन यह सच है।

**1425 किलोमीटर की दूरी तय करेगी पैदल**

# रामलला के दर्शन के लिए मुंबई की मुस्लिम लड़की कर रही पैदल यात्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दरअसल मुंबई की रहने वाली शबनम बीते 21 दिसंबर को मुंबई से अयोध्या तक की पैदल यात्रा पर निकली है। उसके साथ हैं उसके साथी रमन राज शर्मा व विनीत पांडे। शबनम को 1425 किलोमीटर की दूरी तय करनी है। उसे अपने मुस्लिम होने पर गर्व है और कहती है- राम की पूजा या उन्हें मानने के लिए हिंदू होना जरूरी नहीं है। जरूरत है तो बस एक अच्छा इंसान होने की।



**पुलिस से मिली है सुरक्षा**

*शबनम ने जब से यात्रा शुरू की है तब से उन्हें पुलिस की सुरक्षा मिली हुई है। महाराष्ट्र में कुछ संवेदनशील इलाकों में जब वे फंस गईं थीं तो पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला और मध्यप्रदेश तक पहुंचाया। पुलिस ही उनके खाने और ठहरने का भी इंतजाम करती है।*

## 25-30 किलोमीटर सफर रोज

शबनम मुंबई-आगरा रोड से अपने जत्थे के साथ पैदल रवाना हुई हैं और शुक्रवार को करीब 400 किमी दूर खरगोन जिले के कसरावद फाटे पर पहुंचीं। वे और उनके साथी हर दिन 25-30 किमी का सफर तय करते हैं। उन्होंने अयोध्या पहुंचने की अपनी कोई तारीख निश्चित नहीं की है।



## यात्रा का संदेश

फिलहाल शबनम और उनके साथियों की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। शबनम से जब सवाल किया गया तो वो कहती हैं- मैं अपनी यात्रा से दो ही संदेश देना चाहती हूं। पहला तो ये भगवान राम सबके हैं। वे किसी जाति-धर्म में बंधे नहीं हैं। दूसरा शबनम बताना चाहती हैं कि लड़कियां भी किसी से कम नहीं। वे भी लड़कों की तरह पैदल यात्रा कर सकती हैं।

### मुस्लिम समुदाय भी कहता राम-राम

शबनम का कहना है कि यात्रा के दौरान उन्हें सोशल मीडिया पर कुछ नफरती कमेंट मिले हैं लेकिन ज्यादातर लोग इसे पॉजिटिव ले रहे हैं। वे भगवा झंडे को हाथ में लेकर चल रही हैं तो कई बार रास्ते में मिलने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग उन्हें सलाम करने करने के साथ-साथ जय श्री राम भी कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### फरवरी में मुस्लिम देश अबू धाबी में हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी साल 2024 में अयोध्या के अलावा एक और हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे और यह मंदिर भारत में नहीं बल्कि मुस्लिम देश में तैयार हुआ है। अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का पीएम मोदी फरवरी में उद्घाटन करेंगे। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### रिटायर्ड इंजीनियर के घर से मिले 5 कंकाल

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु, कर्नाटक के चित्रदुर्ग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक ही परिवार के पांच लोगों के कंकाल मिले है। इसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकालों को जांच के लिए भिजवा दिए हैं। हालांकि ये कंकाल किसके है और ये कब कब हुई कैसे हुए। फिलहाल इसकी जांच में पुलिस लगी हुई है। बताया जा रहा है कि यह घर एक सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता जगन्नाथ रेड्डी का था।

**बिहार के सियासी प्रहसन का हुआ पटाक्षेप**

# अटकलें सही, ललन ने छोड़ा पद, नीतीश बने जदयू अध्यक्ष

*बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर जेडीयू अध्यक्ष बनने की जो अटकलें कई दिनों से चल रही थीं वो सच साबित हुईं। दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफे की घोषणा करते हुए नीतीश से पार्टी की बागडोर संभालने का आग्रह किया, जिसे नीतीश ने स्वीकार कर लिया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीतीश 2016 से 2020 तक पहले भी जेडीयू अध्यक्ष रह चुके हैं। ललन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी व्यस्तता के चलते वो पद छोड़ रहे हैं। इससे पहले नीतीश और ललन एक साथ, एक गाड़ी से बैठक में पहुंचे थे। मीटिंग में पहुंचने से पहले ललन सिंह नीतीश से मिलने उनके आवास गए थे जहां दोनों के बीच आधे घंटे बैठक चली। बता दें, ललन को हटाए जाने की खबरें कई दिनों से सियासी गलियारे में तैर रही थीं।

कहा जा रहा था ललन से नीतीश खासे नाराज चल रहे हैं। नीतीश 2016 में शरद यादव की जगह पार्टी अध्यक्ष बने थे। उन्होंने 2020 में पद छोड़ दिया और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को कमान सौंप दी। आरसीपी सिंह की बगावत के बाद 2022 में ललन सिंह को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। अध्यक्ष बनने के बाद नीतीश ने कहा, पूरी पार्टी एकजुट है, कहीं मतभेद नहीं है।



**खास बातें**

- जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संभाला नीतीश ने स्वीकारा पद
- नीतीश 2016 से 2020 तक पहले भी रह चुके हैं जेडीयू अध्यक्ष

### दोनों के बीच कोई कड़वाहट नहीं : चौधरी

*ललन सिंह के इस्तीफे पर बिहार के वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि ललन ने स्वयं कहा कि चुनाव लड़ने के दौरान उन्हें लगातार बाहर रहना होगा। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालें। दोनों के बीच कोई कड़वाहट नहीं है। इससे पहले ललन सिंह के इस्तीफे के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन खुद ललन सिंह ने इस्तीफे की खबरों को खारिज किया था। नीतीश ने भी जेडीयू की बैठक को रूटीन मीटिंग करार दिया था।*

### तेजस्वी को सीएम बनाना चाहते थे ललन इसलिए हुई छुट्टी!

ललन ने भले इस्तीफा दिया है, लेकिन जानकार कह रहे हैं, उन पर दबाव डालकर ऐसा करवाया गया है। सूत्रों के अनुसार, नीतीश की पार्टी जेडीयू के नेता ललन सिंह आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बेटे तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। साथ ही नीतीश के इंकार करने के बाद ललन सिंह ने जेडीयू के 12 विधायकों के साथ कुछ दिन पहले एक गुप्त बैठक की थी। नीतीश ने आरजेडी की मांग को दरकिनार करते हुए अभी तेजस्वी यादव को सीएम की कुर्सी सौंपने से इंकार कर दिया था। इसके बाद ललन सिंह आरजेडी के सपोर्ट से राज्यसभा जाना चाहते थे। रिपोर्ट के मुताबिक आरजेडी से नजदीकी की वजह से नीतीश कुमार ने ललन सिंह को जेडीयू अध्यक्ष पद से हटाया गया। इसकी वजह यह थी कि ललन सिंह, तेजस्वी यादव को बिहार का सीएम बनाना चाहते थे। उन्होंने नीतीश के सामने इस बारे में प्रस्ताव रखा था। हालांकि, मुख्यमंत्री ने इससे इनकार कर दिया था। दावा किया जा रहा है कि इसके बाद ललन सिंह ने जेडीयू के 12 विधायकों के साथ मिलकर कुछ हफ्ते पहले गुप्त बैठक की। यह मीटिंग नीतीश को बिना बताए हुई थी। कहा जा रहा है कि इसमें तेजस्वी को सीएम बनाने के लिए जेडीयू विधायकों से सपोर्ट मांगा गया। इसके बदले में ललन सिंह आरजेडी के सपोर्ट से राज्यसभा जाना चाहते थे। बता दें कि 243 विधानसभा वाली बिहार विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 122 विधायकों की की जरूरत पड़ती है। मौजूदा स्थिति के मुताबिक अगर नीतीश कुमार को हटाकर तेजस्वी यादव को सीएम बनाना है तो जेडीयू के महज 12 विधायकों के सपोर्ट से यह संभव है।

- **जेडीयू के 12 विधायकों के साथ कुछ दिन पहले की थी एक गुप्त बैठक**

**खालिस्तानी समर्थकों ने की 14 राउंड फायरिंग**

# कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रमुख के बेटे पर हुआ हमला

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने एक हिंदू मंदिर प्रमुख के बेटे के घर पर हमला किया। अलगाववादियों ने करीब 14 राउंड फायरिंग की। यह पूरा मामला ब्रिटिश कोलंबिया में सरे का है। यहीं आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। फिलहाल गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जांच शुरू हो गई। जांच करने वाले अफसरों ने अभी तक हमले के कारणों का खुलासा नहीं किया है। शूटर्स अभी तक गिरफ्त से बाहर हैं।

ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्वामी लक्ष्मी नारायण मंदिर है। इस मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश कुमार हैं। सतीश ने बताया कि बुधवार तड़के उनके बेटे के आवास पर गोलीबारी की गई। करीब 11 से 14 के बीच गोलियां चलाई गईं। यह हमला क्यों किया गया, अभी यह स्पष्ट नहीं है। इलाके में जबरन वसूली के मामले




सामने आए हैं। मेरे बेटे ने हाल ही में एक बीमा एजेंसी बेची है और संभव है कि हमलावरों ने सोचा होगा कि उसके पास बहुत पैसा है। यह मंदिर उस वक्त सुर्खियों में आया था, जब 18 जून 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के खिलाफ अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के विरोध प्रदर्शन किया था। माना जा रहा है कि विरोध का बदला लेने के लिए हमलावरों ने गोलीबारी की है। लक्ष्मी नारायण मंदिर परिषद के सदस्य पुरुषोत्तम गोयल ने कहा कि हमले के पीछे कौन था, इसका सुराग अभी तक नहीं लगा है।

### निज्जर की हत्या के बाद हिंदू निशाने पर


*दरअसल, जून में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से कनाडा के साथ भारत के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाए थे। हालांकि भारत ने उनके आरोपों को नकार दिया था। भारत ने कनाडा को अपने 62 राजनयिकों में से 41 को वापस बुलाने के लिए कहा था। यह पहला मामला नहीं है, जब किसी मंदिर या हिंदू को निशाना बनाया गया। खालिस्तानी तत्वों ने सरे मंदिर के गेट और दीवारों पर भारत के वरिष्ठतम राजनयिकों को निशाना बनाते हुए पोस्टर चिपकाए थे।*

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए अब 50 साल पात्रता आयु'



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की चौथी वर्षगांठ पर दो बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्रता आयु दलितों और आदिवासियों के लिए 60 से घटाकर 50 वर्ष कर दी जाएगी। इसके अलावा, राज्य में कार्यालय स्थापित करने वाली कंपनियों में 75 फीसदी नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जाएंगी। रांची के मुराढाबादी मैदान में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सोरेन ने कहा, सरकार ने आदिवासियों और दलितों को 50 वर्ष की आयु तक पहुंचने पर पेंशन लाभ प्रदान करने का फैसला लिया है।


## राशिफल


**मेष** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**वृष** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।


**मिथुन** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।


**कर्क** आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।


**सिंह** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।


**कन्या** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।


**तुला** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।


**मकर** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कुंभ** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।


**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

**भारत के सूर्य मिशन पर आई खुशखबरी**

# 6 जनवरी को अपने लक्ष्य पर पहुंच जाएगा आदित्य एल-1

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत का सूर्ययान सफलता की नई कहानी लिखने जा रहा है। 2 सितंबर 2023 को लॉन्च हुआ सूर्ययान आदित्य एल-1 अपने मिशन की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। अब भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो (ISRO) की ओर से सूर्ययान मिशन पर नई खुशखबरी आई है। आदित्य एल-1 2024 के पहले महीने यानी जनवरी के पहले ही सप्ताह में अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। इसरो के चीफ एस सोमनाथ ने कहा है कि सूर्य और



पृथ्वी के मध्य वाले लैग्रेंज बिंदु-1 (L1 प्वाइंट) पर 6 जनवरी तक आदित्य एल-1 पहुंच जाएगा। यहां से बिना किसी ग्रहण के सूरज को देखा जा सकता है। आईआईटी बॉम्बे के इवेंट में एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य एल-1 लगभग वहां पहुंच गया है।

### इसलिए चुना लैग्रेंज प्वाइंट-1

लैग्रेंज बिंदु सूरज और पृथ्वी के बीच का वो हिस्सा है, जहां गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाता है। ग्रहण के समय भी इस प्वाइंट से सूरज को साफ-साफ देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इसीलिए लैग्रेंज बिंदु-1 को चुना है, ताकि हर समय सूरज की गतिविधि का अध्ययन किया जा सके। हालांकि इसरो चीफ एस सोमनाथ कहते हैं कि यहां गुरुत्वाकर्षण का पूरी तरह से बेअसर होना संभव नहीं है क्योंकि चंद्रमा, मंगल, शुक्र जैसे अन्य पिंड भी हैं। उन्होंने कहा कि सभी छह पेलोड का परीक्षण किया जा चुका है और वो अच्छे से काम कर रहे हैं।

## राज्यसभा में आप के नेता नहीं बन पाएंगे राघव



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आप को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस अनुरोध को मानने से इनकार कर दिया है जिसमें राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप को नेता नियुक्त करने का अनुरोध किया था। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों का कहना है कि आप की ओर से राघव चड्ढा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त करने के लिए एक पत्र भेजा गया था। बता दें कि राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के कुल 10 सदस्य है। वह बीजेपी, कांग्रेस और टीएमसी के बाद सदस्यों की संख्या के आधार पर देश की चौथी बड़ी पार्टी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद राघव चड्ढा ने सभापति से हाल ही में माफी मांगी है। उनका निलंबन भी हाल ही में खत्म किया गया है। राघव चड्ढा राज्यसभा में सबसे कम उम्र के सदस्य हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से संजय सिंह के बजाए राघव चड्ढा को राज्यसभा में सदन का नेता बनाने का अनुरोध किया गया है। संजय सिंह को दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 5 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

# साउथ चाइना सी में इंडियन नेवी के शिप उतारने पर भड़की चीनी सेना

**आधिकारिक बयान जारी कर जताई आपत्ति**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




विवादित दक्षिण चीन सागर में भारत और फिलीपींस के नौसैनिक अभ्यास से चीन भड़का हुआ है। इसे लेकर चीन ने बाकायदा बयान जारी करते हुए कहा कि विभिन्न देशों के बीच रक्षा सहयोग से तीसरे देशों के हितों और क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। भारतीय नौसैनिक जहाज और फिलीपींस के नौसैनिक पोत के बीच नौसैनिक अभ्यास और फ्रांसिसी नौसेना के साथ प्रस्तावित फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर चीन ने सवाल उठाए हैं। चीन की आधिकारिक मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए चीन मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन ने इस पर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए या क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। दरअसल चीन फिलीपींस और अन्य देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर अक्सर बेचैन दिखाई देता रहा है। विवादित दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर फिलीपींस और चीन की नौसेना अपने-अपने दावे करती है और कई बार दोनों नौसेना आमने-सामने आ चुकी है।

### भारतीय जहाज ने किया था अभ्यास

इस महीने की शुरुआत में, आईएनएस कदमत ने फिलीपींस की अपनी यात्रा के दौरान फिलीपींस की नौसेना के एक अपतटीय गश्ती जहाज बीआरपी रेमन अलकराज के साथ दक्षिण चीन सागर में एक समुद्री अभ्यास में भाग लिया था। किसी भी देश का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन और फिलीपींस के बीच समुद्री विवाद बीजिंग और मनीला के बीच का मुद्दा है और किसी तीसरे पक्ष को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

## शब्द पहेली - 5379



**बाएँ से दाए-**

1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -5378 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5389

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5388 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |




# अयोध्या धाम बनेगा अध्यात्म और पर्यटन का वैश्विक केंद्र

## 2 अमृत भारत ट्रेन

दरभंगा - अयोध्या धाम जं. - दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल)
मालदा टाउन - बेंगलूरु

## 6 वंदे भारत एक्सप्रेस

श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली, अमृतसर - दिल्ली, कोयंबतूर-बेंगलूरु,
मंगलूरु - मडगाँव, जालना - मुंबई, अयोध्या धाम जं.- दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल)

● आरामदायक यात्रा एवं समय में बचत ● 'कवच' तकनीक के साथ उन्नत सुरक्षा ● अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित जैसे आकर्षक इंटीरियर, बेहतर एलईडी लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम और मोबाइल चार्जिंग इत्यादि ● फास्ट पिकअप के लिए अमृत भारत ट्रेन में आगे-पीछे दोनों तरफ परमानेंट इंजन ● सांस्कृतिक, औद्योगिक और आर्थिक विकास में गति

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

## पुनर्विकसित अयोध्या धाम जं. (फेज-1)

- आध्यात्मिक विरासत की तर्ज पर पुनर्विकसित स्टेशन
- अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे फ़ूड प्लाज़ा, पूजा शॉप, लिफ्ट, एस्केलेटर से सुसज्जित
- शिशु देखभाल कक्ष, आधुनिक प्रतीक्षालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- इको-फ्रेंडली स्टेशन बिल्डिंग
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार
- स्थानीय कला से सुसज्जित और दर्शनीय भवन

## महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम

- 10 लाख की वार्षिक यात्री क्षमता वाला अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा
- उत्तर प्रदेश का चौथा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा
- अयोध्या धाम की भव्यता के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं को लाभ
- रोजगार के अवसरों का सृजन
- ₹350 करोड़ की लागत से विकसित
- 6500 वर्गमीटर क्षेत्र में आधुनिक सुविधा-युक्त टर्मिनल भवन
- 24 x 7 प्रचालन सुविधा वाला 2200 मी लम्बा रनवे
- एयरबस-321 प्रकार के 08 विमानो की पार्किंग की क्षमता

**का उद्घाटन**

## जौनपुर-तुलसी नगर, अकबरपुर-अयोध्या, सोहावाल-पटरंगा, सफदरगंज-रसौली (जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल खंड का अंग) रेल खंड का दोहरीकरण

- अयोध्या और वाराणसी की तीर्थयात्रा सुगम
- ट्रेनों का समय पर परिचालन
- जौनपुर-अम्बेडकरनगर-अयोध्या क्षेत्र का विकास

## रूमा-चकेरी-चंदारी तीसरी रेल लाइन परियोजना

- रेल ट्रैफिक का बेहतर संचालन
- क्षेत्र के विकास को बढ़ावा

## मल्हौर-डालीगंज रेल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण

- सेक्शन की क्षमता में वृद्धि
- बड़े शहरों से तेज कनेक्टिविटी

**का राष्ट्र को समर्पण**

# उत्तर प्रदेश में ₹15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं

**का लोकार्पण/शिलान्यास**

# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केंद्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री

**जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह**
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (से.नि.)
केंद्रीय नागर विमानन; और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री






DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें | शनिवार, 30 दिसंबर, 2023 | प्रातः 10:00 बजे | अयोध्या, उत्तर प्रदेश

## बिजनेस साइट

# सुमीत बाजार का 'गुड बाय' ऑफर, निश्चित खरीदी पर आकर्षक उपहार




रायपुर। नए साल के स्वागत के मद्देनजर रिटेल चेन स्टोर सुमीत बाजार में 'गुड बाय' ऑफर की पेशकश की गई है जिसमें ग्राहक एक निश्चित खरीदी करने पर मात्र 1 रुपए और देकर शानदार उपहार के हकदार होंगे। साथ ही सुमीत बाजार से शॉपिंग कर सुमीत ग्रुप की उपहार योजना 'शॉपिंग उत्सव' में शामिल हो सकेंगे, जिसमें 10 करोड़ से अधिक के उपहार है। यही नहीं इस योजना के मिनी ड्रॉ में टाटा नेक्सन कार, ओला बाइक जैसे बड़े उपहार भी जीत सकते हैं।

सुमीत बाजार में शॉपिंग पर दिए जा रहे 'गुड बाय' ऑफर की बात करें तो 599 रुपए की खरीदी करने पर एक रुपए और देकर उपहार में ब्रांडेड कुशन कव्हर पा सकते हैं जिसका बाजार मूल्य 149 रुपए से ज्यादा का है। इसी तरह 999 रुपए की खरीदी पर 1 रुपए में ब्रांडेड पॉवर एडाप्टर, स्टीरियो हेडफोन, एलईडी लैंप मिलेगा। 2199 रुपए की खरीदी पर लैपटॉप बैग विथ पाउच, 3999 रुपए की खरीदी पर एक्सपोर्ट क्वालिटी की चटाई, 6999 रुपए की खरीदी पर ब्रांडेड डबल बेड बेडशीट और 15,999 रुपए की खरीदी पर एक रुपए में ट्राली डफल बैग व ब्रांडेड डेस्कटॉप ऑडियो के साथ नाइट लैंप उपहार में मिल रहा है। 25,999 रुपए की खरीदी पर एक रुपए में 12399 रुपए से ज्यादा मूल्य का ट्रेवल सेट उपहार में मिल रहा है। यह ऑफर केवल 31 दिसंबर, 2023 तक खरीदी पर लागू है। सुमीत बाजार के संचालकों के मुताबिक यहां की गई एक खरीदारी ग्राहकों को दो बार इनाम और साथ में पांच कूपन पर फ्री गिफ्ट भी है। इस तरह डबल धमाका ऑफर के तहत 25 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक की गई शॉपिंग आपके लिए यादगार हो सकती है।

# ख्याल सूर्यतापी शिलाजीत भारतीय बाज़ार में लॉन्च

लुधियाना। उत्कृष्ट आयुर्वेदिक उत्पाद जैसे हर्बल 1 टॉप, ख़्याल केश तेल एवं ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण बनाने वाली लुधियाना की श्री धन्वंतरि आर्गेनिक ने 100 प्रतिशत शुद्ध ख़्याल सूर्यतापी शिलाजीत भारतीय बाजार में भी लॉन्च की। कंपनी के डायरेक्टर राजिन्दर सेठ ने बताया कि बाज़ार में उपलब्ध सभी शिलाजीत रेसिन अग्नितापी विधि से बनाये जाते हैं जिसमें शिलाजीत को बड़ी-बड़ी भट्टियों में तेज आंच में गलाया जाता है जिसके कारण उसमें मौजूद सभी खनिज पदार्थ जैसे फुलविक एसिड उड़ जाते हैं जिससे उस शिलाजीत का असर काम हो जाता है और आपका विश्वास शिलाजीत से उठ जाता है। क्योंकि अग्नितापी विधि आसान है इसलिए अधिकतर कम्पनीज अग्नितापी विधि का प्रयोग करती हैं। ख़्याल सूर्यतापी शिलाजीत असल में असली शिलाजीत होती है क्योंकि इसे सूरज की तेज रौशनी में लगातार करीब 3-4 माह तक गलाया जाता है, सूर्यतापी विधि में शिलाजीत में मौजूद खनिज तत्व कहीं नहीं जाते वह सूर्यतापी शिलाजीत में ही मौजूद रहते हैं इस कारण ही सूर्यतापी शिलाजीत को बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है एवं विदेशो में भी इसकी डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। ख़्याल सूर्यतापी शिलाजीत पुरुष एवं महिला दोनों के लिए सुपर फूड है इसकी 15 ग्राम की कीमत 1600 रुपये रखी गयी है एवं इसे मेडिकल स्टोर्स व ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।




## कोरोनाः दुर्ग में एक मौत, दस नए मामले, तीन ठीक हुए

रायपुर। आठ माह तक नियंत्रित रहने के बाद कोरोना प्रभावित एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। 82 साल की महिला का इलाज सेक्टर-9 हास्पिटल में चल रहा था। कोरोना के अलावा उसे दूसरी तरह की गंभीर बीमारी भी थी। शुक्रवार को राज्य में दस नए मामले सामने आए वहीं आठ दिन पहले मिले तीनों संक्रमितों को स्वस्थ घोषित किया गया। कोरोना के मामले धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं। सप्ताहभर में इनका आंकड़ा दहाई अंक तक पहुंच गया है। गुरुवार को यहां 12 तथा शुक्रवार को दस नए मामले सामने आए, जिसे मिलकर एक्टिव मरीजों की संख्या 37 हो गई है। राज्य में करीब आठ माह बाद मौत के कारणों में कोरोना को शामिल किया गया है। दुर्ग जिले में रहने वाली महिला को इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में दाखिल किया गया था।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादल जनवरी के पहले सप्ताह में बरसेंगे भी

अभी और चढ़ेगा रात का तापमान, दो दिशाओं की हवा दिखाएगी असर

रायपुर। साल का अंत तो बेहद ही सामान्य ठंड के साथ बीत जाएगा, मगर नए साल का पहले सप्ताह में छाए बादल बरस भी सकते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और दो दिशाओं की हवा के मिलन से राज्य का मौसम बदलने की संभावना बन रही है। अभी बादलों की वजह से रात का पारा और चढ़ने तथा दिन में मौसम में ठंडकता रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के जाने के बाद भी राज्य में आने वाली हवा की दिशा नहीं बदली, जिसकी वजह से ठंड की वापसी नहीं हुई है। वातावरण में मौजूद नमी की वजह से रायपुर में रात का तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो चुका है। इसके प्रभाव से ठंड बेहद कम हो चुकी है और इसमें आने वाले दिनों में और कमी आने की गुंजाइश बन रही है। जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ ने अपना प्रभाव शुक्रवार से दिखाना शुरू कर दिया है। इसकी वजह से आज दिन में बादल छाए रहे और नमी की वजह से दृश्यता में धुंधलापन नजर आया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पूर्व की नमीयुक्त हवा की वजह से अगले चौबीस घंटे के मौसम में कोई बदलाव होने के आसार नहीं हैं।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा ® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- Swiggy डिलीवरी बॉय जॉब ज्वाइन करें और पाएं 3000 ज्वाइनिंग बोनस, Daily Petrol Bonus आवश्यक दस्तावेज आधार, पैन कार्ड, बैंक एकाउण्ट काल करें:- 70003 98370, 9893686044 स्वयं का बाइक, मोबाइल अनिवार्य। (32340)

आवश्यकता है- ऑफिस में सुबह 10 बजे एक घंटा साफ सफाई कार्य हेतु मेहनती युवती/ महिला चाहिए वेतन 1000 प्रतिमाह। पता भगवान मंगलम के पास बिलासपुर। इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करे 8871247917 (32341)

Required- Employee, Qualification B.Com/ Graduate, Tally ERP-09, MS Excel, MS Word, Typing, Work-Work at CA Office Salary- Salary as Per Qualification Address- Real Heavence Complex, Mangla Chowk, Bilaspur 7898648060, 9691256607 (32342)

